


# बिजली समस्याओं को लेकर अब भाजपा ने ही खोला मोर्चा

## कहा अपनी ही सरकार में हम सभी हैं प्रताड़ित, चौपाल लगाकर विभाग को किया आगाह

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 2 अगस्त। जिले के कोठी तथा कोठी के आसपास के क्षेत्र की बिगड़ी विद्युत व्यवस्था को लेकर अब भाजपाइयों ने ही खुद विभाग के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है और कोठी में चौपाल लगाकर विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को व्यवस्था को सही बनाने के लिए आगाह किया और कहा की व्यवस्था यदि समय रहते सुचारू रूप से नहीं बनाई गई तो एक्शन नहीं रिएक्शन होगा ।**

कोठी के मुस्कान मैरिज गार्डन में आज कोठी के समाज सेवी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रॉमिस त्रिपाठी संयोजन एवं उनकी टीम के सहयोगी मित्रों के सहयोग से कोठी में विद्युत





संबंधी समस्याओं एवं उनके निराकरण को लेकर चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें तमाम क्षेत्रीय किसान ,आमजन एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही और सभी ने अपनी समस्याओं को विद्युत विभाग के समक्ष रखा, ब? हुए मनमानी विद्युत बिल, अघोषित कटौती, कम वोल्टेज व जगह-जगह विद्युत के फाल्ट व जले हुए ट्रांसफार्मर व अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी को आगाह किया कि वह अपनी ड्यूटी व कर्तव्य का पालन पूर्ण ईमानदारी से करें वह आम जनता का सहयोग प्रदान करें अन्यथा इसके लिए उन्हें जो कुछ भी करना पड़ेगा वह करेंगे क्योंकि उनकी सरकार में अब वही प्रताड़ित हो रहे हैं इसलिए अब भर्रेशाही नहीं चलेगी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज भाजपा की सरकार है और सभी के साथ सभी के विकास की बात कर रही है आज हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता अपने नेता की जिंदाबाद करने में लगे रहते हैं और कई समस्याओं से जूझते रहते हैं हम सही ढंग से अपने अधिकारों का उपयोग सही ढंग से नहीं कर पाते और अपनी आवाज नहीं उठा पाए जिससे हम सभी प्रताड़ित हो रहे हैं आज हम जब अपनी सरकार में ही प्रताड़ित हैं और सरकार के विरुद्ध हमें खुद मोर्चा खोलना पड़ रहा है और इस तरह से अपना दुखड़ा रोना पड़ रहा है और सुनने वाला कोई नहीं है तो फिर समझ लीजिए की जिन्होंने आपको लाया है उनको हमने लाया है इसलिए फिर ना आप बचेंगे ना आपके लाने वाले और अभी तो हम सभी एक जगह पर अनुशासित होकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आग्रह कर रहे हैं यदि हम भाजपा के कार्यकर्ता ही सरकार के विरुद्ध सड़क पर उतर गए तो फिर सरकार का क्या हाल होगा इसलिए समय रहते आम जनमानस की समस्याओं का निराकरण पूरी तत्परता के साथ करें।



# पृथक बुंदेलखंड राज्य का हजारों लोगों नें दोहराया संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 2 अगस्त । बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा बुंदेला के नेतृत्व में शुरू हुई गांव -गांव पांव -पांव यात्रा कामतानाथ मंदिर में पूजन के साथ सम्पन्न हुई । इसके बाद गायत्री शक्तिपीठ में वृहद गोष्ठी में संतों और उपस्थित जनों नें पृथक बुंदेलखंड राज्य का संकल्प दोहराया द्य तय हुआ कि विचार क्रांति की मशाल को अब बुझने नहीं दिया जाएगा।**

7 दिवसीय यात्रा नें जिले के भरतकूप, पहाड़ी, राजापुर, तिरहार, मानिकपुर और नगर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों जगहों पर कार्यक्रम करके पृथक बुंदेलखंड राज्य के लिए जन समर्थन जुटाया द्य रविवार को कामतानाथ मंदिर में पूजन करके यात्रा का विश्राम किया गया द्य यहां संत मदन गोपाल महराज की अगुवाई में पूजन आदि हुआ उन्होंने यात्रा को पूर्ण सफल बताया । इसके बाद गायत्री शक्तिपीठ में वृहद गोष्ठी आयोजित हुई । गोष्ठी को संत मदन गोपाल दास महराज नें सम्बोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड का अधूरा सपना जल्द ही पूर्ण होगा । मशाल जल चुकी है बस अब उसे बुझने नहीं देना । महंत दिव्यजीवन दास जी महराज ने कहा कि राजा बुंदेला का संघर्ष बुंदेलखंडी कभी भुला नहीं पाएंगे । गायत्री शक्तिपीठ के डा. रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि राजा बुंदेला नें इस आंदोलन में जीवन खपा दिया और मील के पत्थर बन गए । आज नहीं तों निश्चय कल बुंदेलखंड राज्य अवश्य बनेगा । बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला नें कहा कि स्वराज्य की लड़ाई अब अंतिम पायदान में है । वह दिन दूर नहीं जब बुंदेलों का अपना बुंदेलखंड राज्य मिलेगा । सभी लोग विचार क्रांति की मशाल को जलाए रखें । शोसल मीडिया में इस मांग को इतना तेज कर दें कि दिल्ली तक गूंज सुनाई दे। गोष्ठी को यात्रा प्रभारी पूर्व विधायक दिनेश प्रसाद मिश्र ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड राज्य बनानें के लिए सभी को एकजुट होना पड़ेगा । बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह नें कहा कि विचार क्रांति को अब तेज करना ही लक्ष्य रहेगा। यात्रा समापन में बुंदेली समाज महोबा के अध्यक्ष तारा पाटकर, डा.आश्रय सिंह उरई, विनोद पुरवार, जगदीश राकेश बाजपेई, राजू तोमर, संतोष श्रीवास्तव बांदा, भाकियू किसान के राष्ट्रीय महासचिव प्रताप बुंदेला, राजन धमेरिया बद्री सिंह पटेल समेत बड़ी तादाद में समर्थक शामिल रहे।

> **राजा बुंदेला के नेतृत्व में चल रही गाँव -गांव पांव -पांव यात्रा का हुआ समापन**

# अक्टूबर में चलेगी सतना - देवेन्द्रनगर ट्रेन :सांसद

## सांसद गणेश सिंह ने किया नागौद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**नागौद 2 अगस्त। सांसद गणेश सिंह ने रविवार को नागौद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर चल रहे कार्यों और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह से सतना फुलवारी देवेन्द्रनगर के बीच यात्री ट्रेन का संचालन शुरू करने की तैयारी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।**

निरीक्षण के दौरान एसडीएम नागौद, स्टेशन प्रबंधक, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सांसद ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि ट्रेन संचालन निर्धारित समय पर शुरू हो सके।

# मेडिकल नशे की मंडी बना बिरसिंहपुर

**नवभारत न्यूज**

**बिरसिंहपुर 2 अगस्त । बिरसिंहपुर तहसील और आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों अवैध नशीली दवाओं का कारोबार तेजी से अपने पांव पसार रहा है, जिससे क्षेत्र का युवा वर्ग तेजी से बर्बादी की काली गर्त में समाता जा रहा है।**

गली-मोहल्लों से लेकर गांवों की चौपालों तक नशीली सिरप और जहरीली गोलियों का यह अवैध जाल इस कदर फैल चुका है कि हर बीतते दिन के साथ होनहार युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। जिस उम्र में युवाओं के हाथों में किताबें और रोजगार होना चाहिए, उस कच्ची उम्र में वे नशे की गंदी लत के शिकार होकर अपना शारीरिक व मानसिक संतुलन पूरी तरह खो रहे हैं।

इस भयावह और दिल नहला देने वाले हालात को लेकर अब स्थानीय पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर जनता का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। स्थानीय नागरिकों का सीधा आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की कथित चुप्पी और ढुलमुल रवैये के बिना इतना बड़ा संगठित अवैध तंत्र पनपना बिल्कुल नामुमकिन है। पुलिस द्वारा कभी-कभार की जाने वाली नाममात्र की खानापूर्ति वाली कार्रवाइयों से इन बेखौफ नशा तस्करों के हौसलों पर रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ रहा है। इस जानलेवा लत ने अनगिनत हंसते-खेलते परिवारों की खुशियां छीन ली हैं और कई बेबस माता-पिता के बुढ़ापे की लाठी को समय से पहले तोड़कर रख दिया है। सोशल मीडिया और वायरल वीडियोज़ में भी साफ देखा जा सकता है कि कैसे बेखौफ होकर इस काली कमाई के खेल को अंजाम दिया जा रहा है और क्षेत्र का माहौल दिन-ब-दिन बिग?ता जा रहा है। यदि प्रशासन ने अब भी अपनी गहरी नींद त्यागकर इस नशा माफिया की जड़ों पर कड़ा प्रहार नहीं किया, तो पूरा सामाजिक ताना-बाना पूरी तरह से तबाह हो जाएगा।

> **पुलिस प्रशासन की चुप्पी खतरनाक, युवाओं का बर्बाद हो रहा भविष्य**

# किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 2 अगस्त । किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के नागौद आगमन पर मंडी गेट पर किसान कांग्रेस एवं समस्त कांग्रेस जनो ने ढोल नगाड़ों अजगर माला से स्वागत किया ।**

प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह परिहार शहर अध्यक्ष एडवोकेट मुखतार अहमद सिद्दीकी प्रदेश सचिव देवांशू सिंह कान्हा ने शाल श्रीफल बुके भेंट कर स्वागत सम्मान किया जिसमें जिला अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, जिला प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी, जिला संगठन मंत्री नागेश मिश्रा ,प्रदेश सचिव राजभान सिंह राज, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह परिहार किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह मंटू , मंडी उपाध्यक्ष शिव बालक लोधी ,प्रदेश कोऑर्डिनेटर विनोद कुशवाहा अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष फिरोज आलम, विधानसभा उपाध्यक्ष सत्तू



कुशवाहा ,मोहम्मद रियाज गोलू , लतीफ खान पोप्पल ,पार्षद बाबूलाल चूहटेल पार्षद ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष अभिलाष कुशवाहा सत्तू सिंह विजय सिंह सेवादल शहर अध्यक्ष दिनेश सिंह संचालन किया आशीष कपाड़िया मयंक कुशवाहा आमिर खान अवधेश सिंह मंडलम अध्यक्ष संजय उपाध्याय, विवेक विश्वकर्मा ,संजू गुप्ता ,जमाल खान एवं समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# टिकूरी क्षेत्र में बिजली विभाग की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

## तीन दिनों से छाया अंधेरा, कोटर जेई पर फोन नहीं उठाने का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 2 अगस्त। जिले के कोटर विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत टिकूरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में बिजली नहीं है, जिससे घरों में अंधेरा छाया हुआ है और पेयजल सहित दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।**

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार कोटर विद्युत केंद्र के जेई को फोन लगाकर समस्या से अवगत कराने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि टिकूरी क्षेत्र में जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कर दोषी अधिकारियों की कार्यप्रणाली की जांच की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**आपरेटरों के पास नहीं हैं सुरक्षा उपकरण** - विद्युत विभाग की मनमानी से जान जोखिम में डालकर आपरेटर एवं लाईन मैन काम कर रहे हैं न तो दस्ताना है और न ही टार्च।

### टिकूरी विद्युत सब स्टेशन में किसानों ने दिया धरना



टिकूरी विद्युत सब स्टेशन में किसानों ने धरना देकर बिजली कटौती का विरोध किया कहा कि बार बार बिजली जाती है जिससे लोग परेशान हैं किसानों ने विद्युत सब स्टेशन टिकूरी के सभी फिडरो की बिजली बन्द करा दी।

### कोटर में बिजली व्यवस्था बदहाल, उपभोक्ता हो रहे परेशान

कोटर । तहसील क्षेत्र में बिजली के घरेलू, कृषि, क्रेशर, पेट्रोल पंप, बेयर हाउस, राइस मिल एवं अन्य कामर्शियल (व्यवसायिक) उपभोक्ता बढ़ रहे हैं लेकिन सबस्टेशन में उच्च क्षमता के बिजली ट्रांसफार्मर न लगने से बिजली के लो बोल्टेज एवं ट्रिपिंग से उपभोक्ता हो रहे परेशान , सब स्टेशन में उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगवाने उपभोक्ता लंबे समय से मांग कर रहे हैं। आरोप है कि घरेलू एवं मिक्स फीडर में बिजली कटौती कर उद्योगों को की जा रही सप्लाई। तिहाई फीडर ओवरलोड के कारण हर 10 मिनट में लाइट बंद होती है इस कारण से तिहाई फीडर को 10 घंटे पर शिफ्ट किये जाने की मांग की जा रही है।

### एक नजर में




### पिपरी कला में विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

**उचेहरा ।** उचेहरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरी कलां के शासकीय हाई स्कूल में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई विद्यालय की शिक्षिका संध्या सिंह ने की। इस अवसर पर शिक्षकों, विद्यार्थियो ने मिलकर स्कूल परिसर में नीम, पीपल, आम और गुलमोहर के पौधे लगाए। शिक्षिका संध्या सिंह ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाते हुए कहा कि मां के नाम पर लगाया गया एक-एक पौधा धरती मां के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे पौधों की नियमित देखभाल करें ताकि वे बड़े होकर छाया और ऑक्सीजन दे सकें।

### जिसका चित शुद्व हों जाता है वह भगवान श्री के योग्य हो जाता है : सुमेधानंद जी महाराज



**चित्रकूट।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की नगरी परिक्रमा शिव पुराणश्री राम की नगरी परिक्रमा को ही स्थित अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास नवलेश दीक्षित के जागे जग निवास भवन मे शिव पुराण कथा के तृतीय दिवस श्री धाम वृंदावन से पधारे श्री सुमेधानंद जी महाराज ने बताया शिव पुराण शिव का ही स्वरुप है विनदुग और चंचुला की कथा सुनाई कुसंग के कारण जीवन बिगाड़ लिया लेकिन शिव पुराण की कथा ने जीवन मुक्त कर दिया बिना गुरमुख हुए सत्कर्म सफल नहीं होता इसलिए इसलिए जीवन में गुरु होना जरूरी है भागवत रतन आचार्य नवलेश जी महाराज के निवास जग निवास में शिव पुराण की कथा हो रही है कथा की जजमान श्री राम किशोर दीक्षित एवं परिवार शिवापुराण कथा का आनंद लेनेके लिए भक्तगणोंस अपील की है।



### भाजपा मंडल सिंहपुर की हुई संगठनात्मक मासिक बैठक

**नागौद ।** भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के रैगांव विधानसभा के सिंहपुर मंडल की संगठनात्मक मासिक बैठक सिंहपुर ग्राम पंचायत भवन में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष एवं सिंहपुर मंडल के मंडल प्रभारी श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट) उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सिंहपुर मंडल अध्यक्ष विष्णु पांडेय ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मंत्री राजेश शुक्ला उपस्थित रहे। बैठक का संचालन मंडल उपाध्यक्ष विजय शुक्ला ने किया एवं आए हुए अतिथियों का आभार शक्ति केंद्र संयोजक प्रदीप उरमलिया ने किया। संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि श्री कृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट) ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत निकलने वाली पवित्र कलश यात्रा जब हमारे मंडल पर आएगी तो हमको प्रत्येक बूथ में कलश का पूजन करना है तथा 9 अगस्त से 15 अगस्त के बीच में हर घर तिरंगा अभियान के तहत हमको प्रत्येक घर में तिरंगा लगाना है तथा जन जागरण के तहत हमको रैली भी निकालनी है।

# एक पेढ़ माँ के नाम अभियान के तहत उप जेल मैहर में वृक्षारोपण

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 2 अगस्त। ''एक पेढ़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत उप जेल मैहर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद मैहर की अध्यक्ष श्रीमती गीता सोनी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया।**

इस अवसर पर उप जेल मैहर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 20 पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहायक जेल अधीक्षक श्री रामजी त्रिपाठी,



प्रमुख मुख्य प्रहरी महेंद्र प्रसाद तिवारी, मुख्य प्रहरी ज्ञानेश्वर प्रसाद तिवारी, प्रहरी अभिमन्यु मिश्रा, श्रीमती किरण पांडे, श्रीमती अनिता त्रिपाठी, श्रीमती रुचि तिवारी एवं सुश्री श्रद्धा तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उप जेल मैहर परिवार ने अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप भविष्य में भी व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बड़ाने तथा समाज में हरित संस्कृति को बढ़वा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

उल्लेखनीय है कि ''एक पेढ़ माँ के नाम'' अभियान के माध्यम से देशभर में नागरिकों को अपनी माताओं के सम्मान में पौधारोपण करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## ग्राम चपना के हनुमान मंदिर में रामचरितमानस पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 2 अगस्त। मैहर जिले के ग्राम चपना स्थित श्री हनुमान जी मंदिर में धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 3 अगस्त 2026, सोमवार से होगा। इस अवसर पर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जाएगा।**



जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु ब?ी संख्या में शामिल होंगे।आयोजन के दूसरे दिन 4 अगस्त 2026, मंगलवार को पंडित रामनिवास उर्मलिया के सान्निध्य एवं सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में आसपास के गांवों सहित सभी श्रद्धालुजनों के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था रहेगी।

आयोजक पंडित रामनिवास उर्मलिया ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में श्री हनुमान जी मंदिर, ग्राम चपना पहुंचकर रामचरितमानस पाठ का पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाएं। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।

# सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ें, नशे से दूर रहकर विकसित भारत के निर्माण में दें योगदान : कुलगुरु

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट, 2 अगस्त । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट के सी.एम.सी.एल.डी.पी. सभागार में रविवार को नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल उद्बोधन का सामूहिक प्रसारण देखा एवं सुना गया।**

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर नशामुक्त भारत के संकल्प को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने कहा कि विकसित भारत का आधार स्वस्थ, जागरूक और संस्कारित युवा शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं को अध्ययन, खेल, योग, नवाचार, शोध, सामाजिक सेवा तथा अन्य सकारात्मक



गतिविधियों से जोड़ें। सकारात्मक सोच और रचनात्मक कार्यों में सक्रिय रहने से युवा स्वाभाविक रूप से नकारात्मक प्रवृत्तियों एवं नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि नशामुक्त युवा ही विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति हैं। कार्यक्रम में पूर्व कुलपति एवं कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. कपिल देव मिश्रा और कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाने और समाज में जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया। मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार शुक्ला ने नशा मुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक उद्बोधन का वर्चुअल प्रसारण सभी प्रतिभागियों ने रुचिपूर्वक देखा एवं सुना। वक्ताओं ने इसे विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

अंत में कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय ने सभी अतिथियों, शिक्षकगण, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का तकनीकी संयोजन डॉ देव रस पांडेय ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार ने नशामुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प दोहराया।